दैनिक भास्कर 20/09/2023

जीएमएन कॉलेज के वॉलंटियर ने चलाया स्वच्छता अभियान

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निर्देश में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में एनसीसी, एसडीजी, आश्रय फाउंडेशन व स्वच्छ भारत अभियान के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने चर्च में जाकर सफाई अभियान संपन्न किया। प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता समाज का आभूषण है और इसे बनाए रखना हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में 102 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. सरोज बाला, डॉ. केके पूनिया और डॉ. तृप्ति शर्मा मौजूद रहे।